आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री–रोज़गार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में भाग लेते हैं तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। उन्होंने कहा कि आज देश के युवा अपनी मेहनत और नवाचार से दुनिया को दिखा रहे हैं कि देश में कितनी संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री आज विभिन्न सरकारी विभागों में और संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को रोज़गार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद बोल रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में सरकार ने विनिर्माण मिशन की घोषणा की है और इसका उद्देश्य मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना और भारत के युवाओं को वैश्विक मानकों के उत्पाद बनाने का अवसर देना है। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ लाखों सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों, छोटे उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि देशभर में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ ही दिनों में मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 का आयोजन होने जा रहा है।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश के युवा रचनाकारों को पहली बार ऐसा मंच मिल रहा है और मीडिया, गेमिंग व मनोरंजन क्षेत्र के नवोन्मेषकों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का यह अभूतपूर्व अवसर है।

रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप 15वां रोजगार मेला आज देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। इधर, शिमला स्थित केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में आयोजित रोज़गार मेले में केन्द्रीय कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। रोज़गार मेले के दौरान विभिन्न विभागों के 61 नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन रोज़गार के प्रति केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति व सफलता की नींव उस राष्ट्र के युवा होते हैं और भारत का युवा आज अपने परिश्रम व इनोवेशन से दुनिया को अपने सामर्थ्य की ताकत दिखा रहा है।

बधाई

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने उत्तर प्रदेश के गाज़ियाबाद में एन.डी.आर.एफ. द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की एस.डी.आर.एफ., सी.एस.आर.आर. प्रतियोगिताओं में पहला स्थान प्राप्त करने पर राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि आपदा की स्थिति से निपटने और बचाव व पुनर्वास कार्यों में एस.डी.आर.एफ. महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार एस.डी.आर.एफ. को मज़बूत करने और इसे नवीनतम तकनीक व आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने संविधान देकर भारत को गर्व के साथ प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया। मण्डी ज़िले के सुंदरनगर में आज बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने भारत रत्न भीमराव अंबेडकर के दिए संविधान की आत्मा पर प्रहार कर इसे खत्म करने के अनेक प्रयास किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने बाबा साहेब अंबेडकर की जन्मस्थली, शिक्षा स्थली, दीक्षा स्थली और उनसे जुड़े सभी स्थलों का पंचतीर्थ के रूप में विकास किया है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर सीधा प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

..........................................................